संख्या-56/2016/2041 ई-2/तेरह-2016-101/2015टी0सी0

प्रेषक,

विनोद कुमार तिवारी,
अनु सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

महोदय,

आबकारी आयुक्त,
उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद।

**आबकारी अनुभाग-2** लखनऊ :: दिनांक: 16 सितम्बर,2016

विषय: वर्तमान सुरक्षा होलोग्राम आर्पूतक का कार्यकाल बढाने के सम्बन्ध में।

---

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या-जी-131/दस-लाइसेंस-294/होलोग्राम आपूर्ति/यूफ्लैक्स लि0/2015-16, दिनांक 07 सितम्बर,2016 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

2- इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि आपके उक्त पत्र दिनांक 07 सितम्बर,2016 में किये गये अनुरोध एवं प्रस्ताव पर सम्यक विचारोपरान्त शासनादेश संख्या-843 ई-2/तेरह-2013-233/2000, दिनांक 15-5-2013 तथा शासनादेश संख्या-35/2016/1236 ई-2/तेरह-2016-101/2015टीसी, दिनांक 15-6-2016 के क्रम में सुरक्षा होलोग्राम की आपूर्ति सुचारू रूप से बनाये रखने हेतु राजस्वहित में वर्तमान सुरक्षा होलोग्राम आपूर्तक मेसर्स यूफ्लैक्स लि0, ए-1, सेक्टर-60, नोएडा, गौतमबुद्धनगर का कार्यकाल टेण्डर एवं अनुबंध पत्र में निर्धारित शर्तों, प्रतिबन्धों एवं दरों पर दिनांक 17-9-2016 से आगामी तीन माह अर्थात् दिनांक 16-12-2016 तक बढाये जाने की एतद्द्वारा अनुमति प्रदान की जाती है।

कृपया तदनुसार आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें।

भवदीय,
( विनोद कुमार तिवारी )
अनु सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।